इस्माईल नेशनल महिला पी0जी0 कालिज, मेरठ

संगीत विभाग वार्षिक रिर्पोट 2020–2021

दिनांक 26–01–2021 को गणतन्त्र दिवस के उपलक्ष में महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें संगीत विभाग की छात्राओं द्वारा राष्ट्रगगान, राष्ट्रगीत तथा अन्य प्रस्तुति दी गई। जिसमें स्वाति नौटियाल, फायज़ा अंसारी, प्रियंका, सृष्टि, खुशी, अदीति आदि छात्राओं ने भाग लिया।

दिनांक 22–02–2021 को संगीत विभाग में एक शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें गायन, तबला, सितार की एम0ए0 तथा बी0ए0 की लगभग 50 छात्राओं ने प्रतिभाग लिया। कार्यक्रम में छात्राओं ने बिलासखानी तोड़ी, गुर्जरी तोड़ी, यमनी बिलावत की बन्दिशे प्रस्तुत की। सितार की छत्राओं ने विभिन्न रागों की प्रस्तुति दी वहीं तबले की छात्राओं ने भी आड़ाचारताल, रूपक, तीनताल आदि तालों की प्रस्तुति दी।

प्रथम स्थान– ट्रीजा, वृतिका, दीपा, शिवानी, सुरभि, पूनम, सूरज
द्वितीय स्थान– मुस्कान, अफशां, शगुफता, पल्ल्वी, सामिया, धर्मेश।
तृतीय स्थान– कुलसुम, सोनिया, कनिष्का, शैफाली, शिवानी वर्मा।
सांत्वना पु0– मनतशा, सितारा, सैजल, गोहर, प्रिया सैनी।



2 दैनिक आज का बुलेटिन

इस्माईल नेशनल महिला कॉलेज के संगीत विभाग द्वारा शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया

23-2-2021 दैनिक बुलेटिन

इस्माईल नेशनल पीजी कॉलेज में सितार पर सुनाए सोहनी राग

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज के संगीत विभाग में सोमवार को शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता हुई। इसमें सितार, तबला व गायन का मुकाबला हुआ। शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य डॉ. हुमा मसूद ने किया। बीए व एमए की छात्राओं ने भाग लेकर प्रस्तुतियां दीं।

विभागाध्यक्ष डॉ. रीना गुप्ता ने संयोजन व संचालन किया। निर्णायक स्नेहा, डॉ. श्वेता सोम, डॉ. गरिमा अग्रवाल रहीं। गायन में बिलासखानी तोड़ी, गुर्जरी तोड़ी, यमनी बिलावल की प्रस्तुति दी गई। सितार की छात्राओं ने यमन, तोड़ी, सोहनी रागों की प्रस्तुति दी। तबले में तीनताल, आड़ाचारताल, रूपक की प्रस्तुति दी।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ट्रीजा, वृत्तिका, दीपा, शिवानी, सुरभि, पूनम, सूरज रहे। दूसरे स्थान पर मुस्कान, अफशा, शगुफ्ता, पल्लवी, सामिया व धर्मेश रहे। कुलसुम, कनिष्का, सोनिया, शैफाली व शिवानी वर्मा ने तीसरा स्थान हासिल किया। सांत्वना पुरस्कार मंतशा, सितारा, सैजल, गौहर व प्रिया सैनी ने जीता। लक्ष्मी, पूजा, ईशा व रविशंकर ने सहयोग दिया। संचालन पूजा ने किया। ब्यूरो

दिनांक 24–02–2021 को संगीत विभाग में सुगम संगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सितार, तबला व गायन की बी0ए0 तथा एम0ए0 की लगभग 42 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने भजन, गजल आदि सुगम संगीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में निम्न छात्रायें पुरस्कृत की गयी–

प्रथम स्थान– ट्रीजा, दीपाली, खुशी, सुरभि

द्वितीय स्थान– लक्ष्मी, संजू, श्रृष्टि, धर्मेश

तृतीय स्थान– प्रियंका, फायज़ा

दिनांक 10–03–2021 को महाविद्यालय में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें संगीत विभाग की ओर से गीत, गजल, भजन प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम में वर्ष 2019 और 2020 की विश्वविद्यालय योग्यता सूची में स्थान प्राप्त करने वाली मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया।



इस्माईल पीजी कालेज में बुधवार को पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वर्ष 2019 और 2020 की विवि योग्यता सूची में स्थान प्राप्त करने वाली मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्राचार्य डा. हुमा मसूद आमंत्रित रहीं • जागरण

11-3-2021 दैनिक जागरण